सार-समाचार

32 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

सीकर। लायंस क्लब सीकर प्राइड द्वारा दूजोद गांव स्थित मोहन विहार धर्मशाला में फेको पद्धित से विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री चांदमल अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं ड्यूरेटेक्स सिल्क मिल प्राइवेट लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ श्री दिगंबर जैन मंदिर, दूजोद में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन मोहनीश चुघ, जोन चेयरपर्सन लायन मनोज अठावाल,लायन पतीश पंजाबी केसर देव जेन, जुगल आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। क्लब अध्यक्ष लायन मोहनीश चुघ ने बताया कि पीड़ित मानवता की सेवा करना क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इसी भावना के साथ क्लब द्वारा प्रतिवर्ष फेको पद्धित से नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है, जिससे जरूरतमंद लोगों को बेहतर उपचार मिल सके। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 138 मरीजों की ओपीडी जांच की गई, जिनमें से 32 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया, जिनका ऑपरेशन डॉ. नंदकिशोर टीबड़ा द्वारा टिबड़ा आई हॉस्पिटल, सीकर में किया जाएगा। शिविर में जांच के लिए आए सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। इस सेवा कार्य के प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन पतीश पंजाबी तथा को प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन मनोज अग्रवाल रहे। शिविर के दौरान क्लब के अध्यक्ष लायन मोहनीश चुघ, लायन मनोज अठावाल, लायन पतीश पंजाबी, कोषाध्यक्ष लायन सचिन अठावाल, लायन राजीव गुप्ता, लायन संजय तुनवाल, लायन नंदा तुनवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री ओमप्रकाश बिजारणिया, धोद पंचायत समिति के महामंत्री राकेश तिवारी, दूजोद सरपंच विक्रम सिंह, केसर देव जैन, जुगल सिंह, सूर्यवीर सिंह एवं पुखराज सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी शिविर में उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया क्लब पदाधिकारियों ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों एवं ठामीणों का आभार व्यक्त किया।

स्काउट गाइड ने निकाली रैली

झुंझुनूं, । राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षु महिला अध्यापिकाओं के लिए विभिन्न खेलों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली को सीओ स्काउट महेश कालावत एवं सेवानिवृत सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान प्रशिक्षु छात्रा अध्यापिकाएं फूल नहीं चिंगारी है यह भारत के नारी है। भारत मां का जय घोष करते हुए और कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए रैली का आयोजन किया। रैली स्काउट खेल मैदान से प्रारंभ होकर कारूंडिया रोड, कुमावत बस्ती, बापू बस्ती, मोरारका कॉलेज होते हुए स्काउट कार्यालय पहुंची। जहां पर उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट कालावत ने कहा की नारी अबला नहीं, नारी सबला है। उन्हें अपनी शक्तियों, अधिकारों को पहचान कर आगे बढ़ना है। भारतीय संस्कृति में नारी का विशिष्ट स्थान है। इस अवसर पर पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी, स्काउट प्रभारी विजय गर्वा, गाइड प्रभारी रेणु कुमारी सहित राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय गणपति नगर झुंझुनूं की सैंकड़ों छात्रा अध्यापिकाएं उपस्थित उपस्थिति रही।

दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

झुंझुनूं, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिंटू बरवड़ को दो अलग-अलग संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज में महिलाओं की जागरूकता, सेवा और सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया गया। सात मार्च को दिल्ली के नजफगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में बाल युवा नारी जागृति मंच दिल्ली, प्रकृति भक्त फाउंडेशन तथा समाचार निर्देश परिवार दिल्ली द्वारा मिंटू बरवड़ को नारी रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी सामाजिक सेवाओं की सराहना की। इसके अगले दिन आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर की संस्था डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद द्वारा भी मिंटू बरवड़ को सम्मानित किया गया। संस्था ने उन्हें समाज में महिलाओं के उत्थान, जागरूकता और सेवा कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया। लगातार दो दिनों में दो अलग-अलग संस्थाओं से सम्मान प्राप्त होने पर मिंटू बरवड़ ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी वे समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के कार्यों को इसी तरह जारी रखेंगी।

प्रिंस के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

सीकर । इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन जनवरी, 2026 एग्जाम में सीकर स्थित प्रिंस एजुहब के 17 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में जतिन गोयल, प्रेक्षा शर्मा, अनहद कौर, विपिन राजेश, सोढ़ा सिंधुराज सिंह, अंशिका सेवका, देव सोनी, प्रियदर्शिनी गुप्ता, लक्ष्य भास्कर, केशव अशीवाल, चेतन मेनारिया, अंजली सैनी, कुसुम पाटीदार, हिमांशु शर्मा, दीपक अठावाल, सुमित टेलर व दिव्यांशु अठावाल शामिल हैं। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम. आर. अठावाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, विकास कैडिया व एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह ने चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी। गौरतलब है कि प्रिंस एजुहब में स्टूडेंट्स की रुचि के अनुरूप स्कूलिंग के साथ ही सीयूईटी, क्लैट, सीए फाण्डेशन, एसटीएसई, जेट-आईसीएआर, सहित विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है।

'कार्मिकों के प्रयास से झुंझुनू हर बार आता है बेटी पढ़ाओ में प्रथम'

■ महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाले संस्थानों, व्यक्तिगत एवं विभागीय कार्मिकों का हुआ सम्मान

झुंझुनूं । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह रविवार को सूचना केंद्र सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में एसडीएम कौशल्या विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा एवं प्रेरणा कालेर, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, एपीआरओ विकास चाहर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजेंद्र सिंह राठौड़ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला एवं कार्मिकों के प्रयासों से ही जिला हर बार बेटी बचाओ बेटी पढाओ और मुख्यमंत्री नारी शक्ति उधम प्रोत्साहन योजना में प्रथम स्थान पर रहता है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र के. सोलंकी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को निशुल्क विधिक सहायता, परामर्श तथा लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाता है। डॉ. सोलंकी ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में समानता और न्याय की दिशा में आगे बढना चाहिए। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि समारोह के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत 24 लोगों का सम्मान किया गया। जिनमें मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, सहायक प्रबंधक पूजा, बीसीएमओ डॉ. रेखा, पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक दारासिंह, आरएसआरडीसी की सहायक अभियंता ज्योति महरिया, शहीद फारूख अहमद राउमावि भीमसर की वरिष्ठ अध्यापक सविता गोदारा, बीपीओ कंचन चैधरी, अगवाना खुर्द की पंचायत शिक्षिका सुमन मान, इस्लामपुर की ठाम साथिन सबीना, घोड़ीवारा खुर्द की कार्यकर्ता प्रीति कुमारी, भूदा का बास की सहायिका गुड्डी देवी, पिलानी की आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा, एमडी टेंट हाउस, हंसासर की ठाम साथिन सम्पत, बढागांव की ठाम साथिन सुनिता, बड़ाऊ की ठाम साथिन कविता गुर्जर, उरीका की ग्राम साथिन मंजू, सैनी नगर की ठाम साथिन संजू सैनी, ओजटू की ग्राम साथिन मंजू देवी, प्रतापपुरा की ग्राम साथिन मंजू का सम्मान किया गया।

योग के साथ मनाया महिला दिवस

झुंझुनूं, । महिला पतंजलि योग समिति की महिला योग साधिकाओं ने अंतराष्ट्रीय महिला योग दिवस के अवसर पर महिला योग शिक्षिका डॉ. पूनम सिंघल के नेतृत्व मे गांधी पार्क मे योगाभ्यास के साथ महिला दिवस पर एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रवक्ता सुधा पंवार मुख्य अतिथि थी एवं भाजपा की जिला मंत्री चिड़ावा पंचायत समिति की पूर्व प्रधान सुप्ति स्वामी विशिष्ट अतिथि थी। डॉ. पूनम सिंघल ने अतिथियों का संगठन का अंगवस्त्र पहना कर अभिनंदन किया।

स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित

सीकर । उपनिदेशक महिला अधिकारिता सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला परिषद सभागार सीकर में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरांत जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान की शुरुआत करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढाओ लोगों युक्त एवं पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देने के लिए जूट बैग का विमोचन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने अपने संबोधन में महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षण तथा सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज में बेटियों को समान अवसर प्रदान करने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में बेटा-बेटी के भेदभाव को समाप्त कर दोनों को समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओं योजना के अंतर्गत सीकर जिले का लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर चयन होने पर महिला अधिकारिता विभाग, सीकर के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी को बधाई दी तथा विभागीय कार्मिकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

सामाजिक अधिकार रैली में हिस्सा लिया

झुंझुनूं, । राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के तत्वावधान में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित सामाजिक अधिकार रैली-महापंचायत में भाग लेने के लिए झुंझुनूं जिले से जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों और युवाओं की टीम उत्साह के साथ जयपुर के लिए रवाना हुई। झुंझुनूं जिला इकाई के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल ने समाज की एकजुटता और अधिकारों को लेकर नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष अशोक ने बताया कि जयपुर में आयोजित यह महापंचायत कुम्हार-कुमावत समाज के सामाजिक,राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों को लेकर आयोजित की गई। रैली के माध्यम से समाज सरकार के सामने अपनी छह प्रमुख मांगें रखी गई। इनमें ओबीसी आरक्षण का वर्गीकरण कर समाज को न्यायसंगत भागीदारी देना प्रमुख मुद्दा रहा। महापंचायत के माध्यम से समाज की ओर से सरकार के समक्ष कई अहम मांगें रखी गई। इनमें श्रीयादे माटी कला बोर्ड को तकनीकी और एमएसएमई से जोड़कर उसके समठा विकास की दिशा में कार्य करना, राजनीतिक दलों में जनसंख्या के अनुपात में टिकट वितरण और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, जिला और तहसील स्तर पर समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निर्माण हेतु भूमि आवंटन, तथा किसान आयोग और महिला आयोग जैसे संवैधानिक बोर्डों में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग शामिल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरसी कुमावत रहे। इस मौके पर सुशील प्रजापति, अशोक प्रजापति, गोविंद कुमावत, जितेंद्र कुमावत, पिंटू कुमावत, सोनू कुमावत, मोहन कुमावत, नाथू कुमावत, मुकेश जलन्द्रा, शंभूदयाल कुमावत, नरेंद्र सिंह शेखावत, संदीप कुमावत, संजय कुमावत, अजय कुमावत, श्रीचंद कुमावत, मामराज कुमावत, मांगीलाल कुमावत, ओमजी कुमावत, मंगल कुमावत, नंदलाल कुमावत, राधेश्याम कुमावत, राजेश कुमावत, हेमंत कुमावत,अशोक कुमावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह मनाया

रतनगढ़ । स्थानीय रघुनाथ विद्यालय के सन् 1968-69 व 1970 बैच के सहपाठी मित्रों ने रविवार को कुरजां रेस्टोरेंट में होली स्नेह मिलन का आयोजन कर वर्षों पुरानी यादों को ताजा किया। लगातार दूसरी बार आयोजित इस मिलन समारोह में स्थानीय व दूरस्थ स्थानों से आए मित्रों ने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए होली के फाल्गुनी गीतों पर फूलों की होली खेली ।इस अवसर पर बीकानेर से सेवानिवृत्त डॉ. शिवकुमार स्वामी व डूंगरमल स्वामी तथा जयपुर से डॉ. मानाराम मंडार सहित कई साथियों ने ऐसे आयोजनों को हर वर्ष करने की आवश्यकता जताई।

महिला दिवस विचार गोष्ठी

झुंझुनूं, । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित शक्ति सदन में सामाजिक कार्यकर्ता मधु मुरारका की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पशुपालन विभाग में चिकित्सा प्रमारी डॉ. सोनिया शर्मा ने महिलाओं का आ ान किया कि महिला अपनी ताकत और गरिमा में रहकर आगे बढेगी तो निश्चय ही उनका विकास होगा। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मोनिका बाबल ने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में फिजियोथेरेपी भी अपना महत्वपूर्ण योगदान रखती है। बिना चीर फाड़ वाले ऑपरेशन के इस पद्धित से अनेक बीमारियों दूर की जा सकती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश अठावाल ने इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

धमोरा गांव का जाखड़ बना इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोच

■ जयपुर में एफआईवीबी लेवल-1 कोर्स किया पूरा

गुढ़ागौड़जी, । राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एफआईवीबी लेवल-1 इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोचेस कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित कोर्स में धमोरा गांव के प्रतिभाशाली युवा सुभाष जाखड़ पुत्र दयाराम जाखड़ ने भाग लेकर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया और इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोच का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से धमोरा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सुभाष जाखड़ के इंटरनेशनल कोच बनने पर ठामीणों और खेल प्रेमियों ने गर्व व्यक्त किया। कोर्स पूरा करने के बाद सुभाष जाखड़ का साफा और माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। समापन समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रशिक्षकों के लिए अपनी तकनीक, रणनीति और कौशल को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राजस्थान वॉलीबॉल संघ की महासचिव अंजू सिंह ने कहा कि भारतीय कोचों के लिए यह कोर्स आधुनिक वॉलीबॉल की बारीकियों को समझने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों से परिचित होने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने यह भी कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर में इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोर्स का आयोजन होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इसके लिए उन्होंने भारतीय वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर और महासचिव रामानंद चौधरी का आभार भी व्यक्त किया। जिनके प्रयासों से यह कोर्स जयपुर में आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से कुल 45 पुरुष एवं महिला प्रशिक्षकों ने भाग लिया। जिनमें 31 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों को आधुनिक वॉलीबॉल की तकनीक, कोचिंग के नए तरीकों और खेल की रणनीतियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय वॉलीबॉल के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार हो रहे नए कोच भविष्य में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर देश में वॉलीबॉल को नई दिशा देंगे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

■ ढप की थाप पर गूंजा होली स्नेह मिलन

झुंझुनूं, । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली स्नेह मिलन के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा जिला प्रभारी गीता नूनियां के निर्देशन में संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां के निज निवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित महिलाओं-प्रधानाचार्य, कॉलेज व्याख्याता एवं अन्य गणमान्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य भगवती वर्मा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य सुलोचना सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधानाचार्य रुक्मणी सेखसरिया एवं कॉलेज व्याख्याता पूनम शर्मा शामिल रहीं। जिला प्रभारी गीता नूनियां ने मंचासीन अतिथियों के साथ समिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच बहनों को साफा पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में समिति की युवती प्रभारी अनिता खीचड़ को एसआई बनने पर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मीडिया प्रभारी दिव्या आबूसरिया, नवलगढ़ तहसील प्रभारी संतोष, झुंझुनूं तहसील प्रभारी संतोष जालान तथा संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद सभी बहनों ने गुलाल से तिलक लगाकर, मालाएं पहनाकर तथा फूलों से होली खेलते हुए होली स्नेह मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम में सांवरिया सेठ की सुंदर धमाल प्रस्तुत करते हुए ढप की थाप पर राजस्थानी परंपरा के साथ बहनों ने नृत्य कर उत्सव मनाया। समिति की संवाद प्रभारी संतोष चौधरी व सिंघाना तहसील प्रभारी राजबाला यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। अंत में चिड़ावा तहसील की पदाधिकारी सावित्री एवं श्यामा ने समिति की ओर से जिला प्रभारी गीता नूनियां को फूलमाला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन सभी बहनों द्वारा सामूहिक जलपान के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

सीए इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित

झुंझुनूं, । सीए इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम बुधवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे घोषित हुआ। परिणाम घोषित होते ही झुंझुनूं जिले के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। झुंझुनूं ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए लोकेश अठावाल ने सफल विद्यार्थियों को फोन कर बधाई दी तथा उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने की सूचना दी। यह खबर सुनते ही विद्यार्थियों और उनके परिवारजनों में हर्ष का माहौल बन गया तथा अभिभावकों को अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व की अनुभूति हुई। परिणाम के अनुसार झुंझुनूं शहर में नितिन सांघी ने 454 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकित सैनी ने 397 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि राधिका गुप्ता ने 307 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। झुंझुनूं ब्रांच सचिव इंद्रजीत, सीकासा समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार तथा कोषाध्यक्ष सीए विनायक शर्मा, सीए शायना खान महिला एवं युवा सदस्य उत्कृष्टता समिति ने बताया कि इस बार दोनों ठाुप में झुंझुनूं से कुल 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से नौ विद्यार्थियों ने दोनों ठाुप में सफलता प्राप्त की।

अमीलाल महला को पुण्यतिथि पर याद किया

■ युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, विधायक भांबू, चौधरी और पूनियां ने की रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई

झुंझुनूं, । मानव सेवा और परोपकार की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए मुरोत का बास गांव रविवार को जनसेवा के महाअभियान का साक्षी बना। स्वर्गीय अमीलाल महला की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यहां आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में क्षेत्रभर के युवाओं, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 143 यूनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया। पुण्यतिथि को सेवा और समाज कल्याण से जोड़ते हुए आयोजित इस शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की लंबी कतारें लग गई।

युवाओं में रक्तदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने का संकल्प दोहराया । कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार महला ने बताया कि स्व. अमीलाल महला की स्मृति को जनसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ताकि अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ठामीणों और युवाओं के सहयोग से शिविर ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बडा दान है। क्योंकि इससे सीधे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से समाजहित के ऐसे अभियानों में लगातार भागीदारी निभाने का आ ान किया। शिविर में विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी , भाजपा नेता इंजी. प्यारेलाल ढूकिया , भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां , भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। आयोजन समिति ने इस सफल आयोजन के लिए ठामवासियों, युवाओं, समाजसेवियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। स्व. अमीलाल महला की पुण्यतिथि पर आयोजित यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहा। बल्कि समाज को यह सशक्त संदेश भी दे गया कि मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

सार-समाचार

लोकगीतों पर झूम उठा रतनगढ़

रतनगढ । होली के पावन अवसर पर शहर के शिव मैरिज गार्डन में शनिवार रात आयोजित 'धरती धोरां री - होली स्नेह मिलन 2026' कार्यक्रम ने रतनगढ़ को पूरी तरह रंग, संगीत और उत्साह से सराबोर कर दिया। पंडित श्रीनिवास ताम्रायत की पुण्य स्मृति में गैलेक्सी ग्रुप द्वारा आयोजित इस भव्य और रंगारंग कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और कला प्रेमियों की बडी संख्या में उपस्थिति रही। लोक संस्कृति और आपसी स्नेह का यह आयोजन देर रात तक उत्साहपूर्ण माहौल में चलता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सालासर बालाजी पुजारी लक्ष्मीनारायण शर्मा, रतनगढ़ गौड ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत, विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, सुगनचन्द मण्डार, पुष्पलता मण्डार, संतोष बाबू इन्दौरिया, शिखा बैद एवं शिवभगवान कम्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे सुप्रसिद्ध राजस्थानी लोक कलाकार रैपरिया बालम, जिन्होंने अपने लोकप्रिय लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने चर्चित गीत केसरिया बालम पधारो म्हारे देश और गोरबंद नखरालो की धुन छेड़ी, श्रोता झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। होली के पारंपरिक गीतों और राजस्थानी लोकधुनों पर लोग देर तक झूमते रहे। गायिका मनीषा सैनी ने भी अपनी मधुर आवाज़ में होली और राजस्थानी लोकगीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।कार्यक्रम मंच संचालन प्रियंका शर्मा एवं अमित मंगलहारा ने किया, इस अवसर पर विकास मालू, विनीत मालू, केशरीचंद शर्मा, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष अर्चनाहेमंत सारस्वत, विनोद डागा, वासुदेव चावला,सूरज भंडार,ओमप्रकाश गोरीसरिया, सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में गैलेक्सी ठ्रुप के सदस्य सुशील शर्मा, रविकांत इन्दौरिया, अमित पंत, नितेश ताम्रायत, संदीप साँखोलिया, प्रदीप आत्रेय, नरेन्द्र इन्दौरिया, उमेश सुरेका एवं अजय शर्मा का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आपसी मिलन के माध्यम से प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम समापन पर डॉ. जिज्ञासा हेमन्त जयप्रकाश ताम्रायत ने सभी अतिथियों, कलाकारों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री को ज्ञापन

चूरू । राजस्थान नायक समाज संयुक्त समिति जिला चूरू के जिला अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद नायक के नेतृत्व में माननीय पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के माध्यम से नायक समाज ने मुख्यमंत्री माननीय श्री भजनलाल शर्मा के चुरू आगमन पर नायक समाज की संवैधानिक अधिकार एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व व भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन में नायक जाति को अनुसार अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित किया गया है इसके उपरांत भी राजस्थान सरकार के ई-पोर्टल पर नायक जाति को बोलचाल की भाषा में नायका कर दिया गया है जिसके कारण नायक जाति को अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक अधिकार नहीं मिल रहा है जिससे नायक समाज के शिक्षित बेरोजगार युवकों को अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण रोजगार मिलने में परेशानियां उठानी पड़ रही है क्योंकि भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन के अनुसार नायक जाति अनुसूचित जनजाति में अधिसूचित की गई है नायक समाज का दुर्भाग्य यह है की गजट नोटिफिकेशन के अनुसार राजस्थान सरकार नायक जाति में भेदभाव कर रही है इसलिए माननीय श्रीमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी से निवेदन है की नायक जाति को ई-पोर्टल पर नायका से नायक कर दिया जावे जिससे नायक समाज को अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक अधिकार मिल सके व पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में भी नायक समाज को अधिक से अधिक अनुपात के आधार पर प्रतिनिधित्